वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय,जौनपुर–२२२००३

(उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 द्वारा स्थापित)

(NAAC A⁺ accredited University)

पत्रांक 1406/प्रवेश सेल/2026 दिनांक : 09 सितम्बर .2026

सेवा में,

प्राचार्य/प्रबन्धक/विभागाध्यक्ष,
बी.पी.एड संचालित महाविद्यालय,
सम्बद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,
जौनपुर।

विषयः बी.पी.एड. (सत्र 2026–28) में प्रवेश हेतु प्रथम काउंसलिंग में आवन्टित अभ्यथियों के लिये प्रवेश हेतु आवश्यक निर्देश।

महोदय,

कृपया उपयुक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि बी0पी0एड0 महाविद्यालयों में दिनांक 11 एवं 12 अगस्त 2026 को आयोजित प्रथम काउंसिलिंग के आवन्टित अभ्यर्थियों की सूची इस पत्र के साथ संलग्न की जा रही है। आवन्टित अभ्यर्थियों के प्रवेश हेतु आप द्वारा निम्नलिखित निर्देशानुसार कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है–

1. द्वितीय एवं तृतीय काउंसिलिंग दिनांक 18 एवं 19 सितम्बर 2026 को आयोजित है, जिसकी सूचना जारी की जा रही है। अतः प्रथम काउंसिलिंग से आवन्टित अभ्यर्थियों का प्रवेश दिनांक 14 सितम्बर 2026 तक पूर्ण कराते हुये, प्रवेशित अप्रवेशित अभ्यर्थियों की सूची ईमल (admissioncellvbspu@ gmail.com) व व्हाट्सऐप ग्रुप के माध्यम से प्रवेश सेल को दिनांक 15 सितम्बर 2026 को 11:30 am तक अवश्य ही उपलब्ध कराने का कष्ट करें। सूची उपलब्ध न कराये जाने की दशा में यह माना जाये गया कि आवन्टित समस्त अभ्यर्थियों द्वारा आपके महाविद्यालय में प्रवेश ले लिया गया है एवं विश्वविद्यालय स्तर से ग्रान्ट करने की कार्यवाही कर दी जायेगी।

2. आवन्टित अभ्यर्थियों की प्रेषित की गयी सूची में आवेदन फार्म सत्यापन के समय कुछ अभ्यर्थी द्वारा अपना मूल अंक–पत्र व प्रमाण पत्र प्रस्तुत नही करने पर सत्यापन समिति द्वारा उन अभ्यर्थियों के लिये महाविद्यालय के प्राचार्य/विभागध्यक्ष को निर्देशित किया है कि ऐसे अभ्यर्थियों का प्रवेश करते समय मूल अंक–पत्र व अन्य प्रमाण–पत्रों का अवलोकन एवं सत्यापन करने के उपरान्त ही प्रवेश सुनिश्चित करे। ऐसे अभ्यर्थियों हेतु प्रवेशित अभ्यर्थियों के सूची प्रवेश सेल को प्रस्तुत करने के साथ–साथ इस आशय का भी पत्र प्रस्तुत करें कि **"सम्बन्धित अभ्यर्थियों के शैक्षिक व खेल कूद सम्बन्धी मूल अंक–पत्र/पत्र व प्रमाण पत्र का अवलोकन कर सत्यापित करते हुये प्रवेश दिया गया है।"**

कृपया उपरोक्त निर्देशों के अनुसार ही कार्यवाही करने का कष्ट करें।

संलग्नकःयथोंक्त।

भवदीय,

9/9/26

कार्यालय प्रभारी
प्रवेश सेल

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवष्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. समन्वयक/सदस्य–बी.पी.एड. प्रवेश समिति 2026–28
2. उपकुलसचिव–प्रवेश सेल।
3. वेबसाईट प्रभारी को इस आश्य से प्रस्तुत कि सम्बन्धित सूचना एव बी.पी.एड. में प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों की सूची विश्वविद्यालय वेबसाईट पर प्रदर्शित कराने का कष्ट करे।

कार्याललय प्रभारी
प्रवेश सेल